भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3741

दिनांक 05.04.2023 को उत्तरार्थ

ग्राम पंचायतों की विकास योजनाएं

3741 # श्री नीरज डांगी:

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य-वार कितनी ग्राम पंचायतों ने सरकार के अनुसार अपनी विकास योजनाएं तैयार की हैं;

(ख) इन गांवों के लिए नियोजित क्रियाकलापों की कुल संख्या कितनी थी और पूर्ण क्रियाकलापों की संख्या राज्यवार कितनी है;और

(ग) सरकार द्वारा पूरे देश में विभिन्न योजनाओं के तहत पंचायतों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से आधुनिक बनाने के लिए अब तक खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) और (ख): योजना वर्ष 2022-23 के लिए राज्यों द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार स्वीकृत, पूर्ण और चल रही गतिविधियों की संख्या के साथ-साथ ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** में है।

(ग) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) के कामकाज को बदलने, उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट (एमएमपी) को लागू कर रहा है। मंत्रालय ने 24 अप्रैल, 2020 को ई-पंचायत एमएमपी के तहत पंचायती

राज संस्थानों के लिए एक कार्य-आधारित लेखांकन एप्लिकेशन ई-ग्राम स्वराज लॉन्च किया। यह एप्लिकेशन एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन भुगतान सहित पंचायतों के कामकाज के सभी पहलुओं जैसे आयोजना, बजटन, लेखांकन, निगरानी, संपत्ति प्रबंधन आदि को सम्मिलित करता है।

ई-पंचायत एमएमपी निधि के तहत ई-पंचायत एप्लिकेशनों के रखरखाव के लिए केंद्रीय स्तर की सहायता के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा इंक (एनआईसीएसआई) को प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में, ई-पंचायत एमएमपी पर 15 करोड़ रुपये व्यय का प्रावधान है।

***

अनुबंध

दिनांक 05.04.2023 को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3741 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं	राज्य का नाम	कुल ग्राम पंचायतें	अपलोड की गई जीपीडीपी	कुल अनुमोदित गतिविधियां #	चल रही गतिविधियां	पूर्ण
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	70	70	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	13324	13323	1733	913	1
3	अरुणाचल प्रदेश	2108	1960	960	685	0
4	असम	2663	2191	1901	1083	0
5	बिहार	8150	8067	139374	76835	133
6	छत्तीसगढ़	11657	11650	66600	52770	53
7	गोवा	191	191	240	196	3
8	गुजरात	14355	13965	11356	5708	7
9	हरियाणा	6230	6225	5416	4250	124
10	हिमाचल प्रदेश	3615	3600	9523	7913	7
11	जम्मू और कश्मीर	4291	4289	88	3	0
12	झारखंड	4345	4335	23026	15719	15
13	कर्नाटक	5958	5891	117681	105301	43
14	केरल	941	941	26809	15632	57
15	लद्दाख	193	193	0	0	0
16	लक्षद्वीप	10	0	0	0	0
17	मध्य प्रदेश	23067	22928	82304	58606	161
18	महाराष्ट्र	27921	27807	30953	26284	17
19	मणिपुर	3812	758	2	1	0
20	मेघालय	7033	0	0	0	0
21	मिजोरम	834	763	4	0	0
22	नागालैंड	1290	0	0	0	0
23	ओडिशा	6798	6781	76762	53650	431
24	पुदुचेरी	108	0	0	0	0

25	पंजाब	13241	13218	3553	2722	0
26	राजस्थान	11285	11303	105417	76728	319
27	सिक्किम	185	180	241	231	0
28	तमिलनाडु	12525	12170	6144	4998	1
29	तेलंगाना	12769	12756	67845	57600	39
30	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	38	38	0	0	0
31	त्रिपुरा	1178	1176	5817	4388	9
32	उत्तराखंड	7791	7780	14749	12268	7
33	उत्तर प्रदेश	58189	58084	824476	743713	842
34	पश्चिम बंगाल	3339	3213	69320	52712	161
	कुल	**269504**	**255846**	**1692294**	**1380909**	**2430**

* संसाधनों के बावजूद जीपी में सभी गतिविधियों को शामिल करने के लिए जीपीडीपी तैयार की जाती है। हालांकि, केंद्रीय वित्त आयोग के संबंध में स्वीकृत गतिविधियां मुख्य रूप से राज्यों द्वारा रिपोर्ट की जाती हैं।

****